# पशु आहार संयंत्र सिरौंजा, जिला सागर (म.प्र.)

## एक वर्ष के लिये पुराना बड़ा जूट बारदाना/पुराना प्लास्टिक बारदाना (स्क्रेप) के विक्रय हेतु ई-निविदा (प्रथम)

**CATTLE FEED FACTORY SIRONJA, SAGAR (M.P.)**
Phones :-**9179098046**
E-mail : cfpsagar@gmail.com

**UNIT OF BUNDELKHAND SAHAKARI DUGDHA SANGH MARYADIT SIRONJA SAGAR (M.P.)**

# पशु आहार संयंत्र सिरौंजा, सागर (म.प्र.)
# बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित सागर (म.प्र.)

**Phone : 9179098046**
E- mail : cfpsagar@gmail.com

## ई–निविदा सूचना (प्रथम)
### एक वर्ष की अवधि के लिये पुराना बड़ा जूट बारदाना एवं पुराना प्लास्टिक बारदाना (स्क्रेप) विक्रय हेतु ई–निविदा सूचना

क्रमांक / 688 / प.आ.सं / सिरौंजा / 2023–24 सागर, दिनांकः– 19 / 04 / 2023

बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सागर की इकाई पशु आहार संयंत्र सिरौंजा, सागर जिला सागर में एक वर्ष की अवधि के लिए पुराना बड़ा जूट बारदाना एवं पुराना प्लास्टिक बारदाना (स्क्रेप) विक्रय हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, इच्छुक निविदाकर्ता राशि 500/- (पांच सौ रूपये मात्र।) का ऑनलाईन भुगतान कर ई-टेण्डरिंग वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर दिनांक 20.04.2023 दोपहर 02:00 से 10.05.2023 दोपहर 3:00 बजे तक निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय कर सकते हैं। निविदा अपलोड करने की अंतिम दिनांक 10.05.2023 दोपहर 04:00 बजे तक है। निविदा संबंधी शर्ते एवं विस्तृत विवरण संघ की बेवसाइट **www.sanchidairy.com** पर भी पठन हेतु उपलब्ध है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,
डेयरी प्लांट, सागर– 470001

# पशु आहार संयंत्र सिरौंजा, जिला सागर (म.प्र.)
# इकाईः बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सागर (म.प्र.)

## -: ई-निविदा संबंधी जानकारी :-

| |
|---|
| एक वर्ष के लिये पुराना बड़ा जूट बारदाना/पुराना प्लास्टिक बारदाना (स्क्रेप) के विक्रय हेतु ई-निविदा (प्रथम) |

| S.No. | Process Details | Date/time (Hrs.) |
|---|---|---|
| 1 | Purchase of Tender Start Date | 20.04.23/ 02:00 PM |
| 2 | Purchase of Tender End Date | 10.05.23/03:00 PM |
| 3 | Bid Submission End Date | 10.05.23/04:00 PM |
| 4 | Technical Bid Open Date | 11.05.23/04:00 PM |

निविदा खोलने का स्थान :- पशु आहार संयंत्र सिरौंजा, सागर

अमानत राशिः-

| बारदानों की श्रेणी | अमानत राशि (रूपये) |
|---|---|
| पुराना बड़ा जूट बारदाना | 10000/- |
| पुराना प्लास्टिक बारदाना (स्क्रेप) | 5000/- |

प्रभारी महाप्रबंधक
पशु आहार संयंत्र, सागर

:: बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, सागर (म.प्र.) ::

:: इकाई :: पशु आहार संयंत्र सिरौंजा, जिला सागर (म.प्र.)

# :: एक वर्ष के लिये पुराना बड़ा जूट बारदाना/पुराना प्लास्टिक बारदाना (स्क्रेप) के विक्रय हेतु ई-निविदा (प्रथम) की विक्रय शर्ते ::

निविदाकर्ता का नाम : ——————————————————————————

निविदाकर्ता का पता : ——————————————————————————

1. पशु आहार संयंत्र सिरौंजा सागर में पुराना बड़ा बारदाना (मात्रा लगभग 1.5 लाख वर्ष भर में) का संग्रहित स्टॉक एक वर्ष तक उठाना होगा। एक वर्ष तक कार्य संतोषजनक पाये जाने की स्थिति में निविदा अवधि आपसी सहमति से आगामी छः माह तक और बढाई जा सकेगी।

2. निविदाकर्ता का **GST** रजिस्ट्रेशन आवश्यक है, एवं इसकी प्रतिलिपि एवं **PAN** की प्रतिलिपि स्कैन कर निविदा में अपलोड करना आवश्यक है।

3. निविदाकारों द्वारा पुराना बडा जूट बारदाना (प्रति नग) हेतु एवं पुराना प्लास्टिक बारदाना, स्क्रेप (प्रति कि.ग्रा.) हेतु दरें ऑनलाईन प्रस्तुत करना है, उक्त दरें बेसिक दरें ही प्रस्तुत करना है, जिसमें जीएसटी अतिरिक्त रहेगी। यदि निविदाकार द्वारा जीएसटी सहित दरें प्रस्तुत की जाती है, तो उक्त निविदाकार की निविदा निरस्त मानी जायेगी।

4. निविदा के साथ धरोहर राशि पुराना बडा जूट बारदाना हेतु रू. 10,000/— एवं पुराना प्लास्टिक बारदाना (स्क्रेप) के लिए रू. 5,000/— ऑनलाईन जमा कराना अनिवार्य होगा। पुराना बड़ा जूट बारदाना उठाने का आदेश मिलने पर सुरक्षा राशि रू. 50,000/—(रूपये पचास हजार मात्र।) पृथक से एवं प्लास्टिक (स्क्रेप) बारदाना हेतु सुरक्षा राशि रू 10,000/- (रूपये दस हजार मात्र।) पृथक से **CATTLE FEED FACTORY SIRONJA, SAGAR** के खाते में जमा कराना होंगी। अमानत राशि एवं सुरक्षानिधि की रकम पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा, तथा सफल निविदाकार की सुरक्षा निधि टेण्डर अवधि पूर्ण होने पर अदेय प्रमाण पत्र प्राप्त कर वापस कर दी जावेगी।

5. निविदाकर्ता की फर्म के नाम से बैंक खाता अनिवार्य है, एवं बारदाने की राशि के समस्त भुगतान उसी खाते से किये जायेगे, एवं बैंक खाते की प्रतिलिपि पशु आहार संयंत्र में जमा करना अनिवार्य होगा।

6. सफल निविदाकार को दर स्वीकृति की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल रु. एक हजार मात्र के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर अनुबंध निष्पादित करना होगा। बारदाना उठाने संबंधित आदेश मिलने पर 3 दिन के अंदर बारदाना उठाने का कार्य प्रारंभ करना होगा, क्रेता द्वारा यदि बारदाना उपरोक्तानुसार नहीं उठाया जाता है, तो संस्था गोदाम में कच्चे माल के भण्डारण की समस्या को देखते हुए अन्य क्रेता को अनुमोदित दर पर बारदाना विक्रय कर सकता है, यदि अनुमोदित दर पर अन्य क्रेता बारदाना उठाने के लिए तैयार नहीं है, तो कच्चा माल भण्डारण की समस्या को देखते हुए कम दर से बारदाना विक्रय करने पर अंतर की राशि क्रेता की सुरक्षा राशि से समायोजित की जावेगी। अधिकृत क्रेता द्वारा भण्डारित होने वाला बारदाना उठाना होगा। माल की सुपुर्दगी इस कार्यालय में माल की पूर्ण राशि बैंक ड्रॉफ्ट/NEFT/RTGS द्वारा जमा होने के बाद दी जावेगी।

7. क्रेता को बारदाना स्वयं उठाने की व्यवस्था करनी होगी, बारदाना समयावधि में न उठाने पर धरोहर राशि एवं सुरक्षा राशि राजसात करने का तथा वैकल्पिक विक्रय व्यवस्था सम्पादन का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संध मर्यादित सागर को रहेगा।

8. निविदाकार द्वारा जमा की गई राशि से स्वयं क्रेता को ही बारदाना दिया जावेगा, अन्य किसी क्रेता को बारदाना, जमा राशि से नहीं दिया जावेगा।

9. बारदाना जहां है, उसी श्रेणी व स्थिति में उठाना होगा। पुराना बडा जूट बारदाना प्रति नग (जीएसटी अतिरिक्त) की दर पर विक्रय किया जायेगा। जूट बारदाना उठाने के पश्चात् संस्था की किसी भी प्रकार की जबाबदारी नहीं रहेगी। जूट बारदाना लोडिंग संयंत्र स्टॉफ व सुरक्षा गार्ड के समक्ष गिनवाकर होगी, जिसे उनके द्वारा सत्यापित किया जायेगा एवं पुराना प्लास्टिक बारदाना प्रति किलोग्राम (जीएसटी अतिरिक्त) की दर पर विक्रय किया जायेगा, जिसकी तौलकॉटा पर्ची से गणना की जायेगी।

10. सुपुर्दगी कार्यालयीन दिन व समय (सुबह 10:00 से शाम 06:00 बजे तक) में की जावेगी। विशेष परिस्थिति में कार्यालय समय पश्चात् माल की सुपुर्दगी देना प्रभारी महाप्रबंधक के विशेषाधिकार में रहेगा। बारदाना लोडिंग के पूर्व खाली ट्रक तुलवाना तथा लोडिंग के पश्चात् भरा ट्रक तुलवाकर, नेट वजन चालान में अंकित कराना अनिवार्य होगा।

11. निविदा में बारदाने की दी गई मात्रा अनुमानित है, जो कि कम या अधिक हो सकती है।

12. सुरक्षा राशि के एवज् में बारदाना नहीं दिया जावेगा। सुरक्षा राशि अनुमोदित अवधि की समाप्ति पर क्रेता द्वारा मूल रसीद के साथ आवेदन प्रस्तुत करने पर ही RTGS द्वारा खाते में वापस की जावेगी।

13. प्रथम उच्चतम दर निविदाकार की निविदा निरस्त होने की दशा में द्वितीय उच्चतम दर निविदाकार को प्रथम उच्चतम दर पर विक्रय हेतु अवसर दिया जायेगा।

14. यदि निविदाकार द्वारा निर्धारित शर्तों का किसी प्रकार से उल्लंघन किया जाता है, तो सुरक्षा राशि एवं अन्य जमा सम्पूर्ण राशि राजसात कर ली जावेगी।

15. किसी अथवा समस्त निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, बुन्देलखण्ड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित सागर को रहेगा।

16. निविदाकार को निविदा में पुराना जूट बारदाना एवं प्लास्टिक बारदाना (स्क्रेप) दोनों हेतु पृथक–पृथक दरें देना अनिवार्य होगा।

17. किसी भी प्रकरण में सामग्री/सेवा प्रदायक एवं दुग्ध संघ के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित होने पर प्रबंध संचालक, एमपीसीडीएफ को प्रकरण निराकरण हेतु प्रस्तुत किया जा सकेगा।

18. निराकरण न होने की स्थिति में आरबीट्रेशन एक्ट 1996 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

19. समस्त अदालती विवाद सागर न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होंगे।

प्रभारी महाप्रबंधक
पशु आहार संयंत्र सिरौंजा, सागर

# :: भावपत्र - फार्म ::

## :: एक वर्ष के लिये पुराना बड़ा जूट बारदाना/पुराना प्लास्टिक बारदाना (स्क्रेप) के विक्रय हेतु ई-निविदा (प्रथम) की खरीदी दर::

निविदाकर्ता/फर्म का नाम : ————————————————————————————————————

पत्राचार का पूरा पता (सत्यापित) :——————————————————————————————

रजिस्टर्ड ई–मेल पता व फेक्स क्रमांक : ——————————————————————————

फर्म का पंजीयन क्रमांक : ———————————————————————————————————

फर्म का बैंक खाता विवरण : ———————————————————————————————————

खाता संलग्न : ——————————————————————————————————————————

आई.एफ.सी.कोड, : —————————————————————————————————————————

बैंक का नाम एवं शाखा : ————————————————————————————————————

जीएसटी नम्बर : ——————————पैन नम्बर———————————————————————

दूरभाष क्रमांक/मोबाइल नं :————————————————————————————————————

(उपरोक्त दस्तावेजों को स्केन कर ऑनलाईन अपलोड करें।)

एक वर्ष की अवधि के लिए विक्रय किए जाने वाले बारदानों की अनुमानित संख्या

| क्र. | बारदानों की श्रेणी | अनुमानित संख्या | निविदाकार द्वारा प्रस्तुत दरें जीएसटी अतिरिक्त (दरें केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करें।) |
|---|---|---|---|
| 1 | पुराना बड़ा जूट बारदाना | 1.5 लाख | प्रति नग |
| 2 | पुराना प्लास्टिक बारदाना (स्क्रेप) | 30000 किलोग्राम | प्रति किलोग्राम |

नोटः—

1 पुराना बड़ा बारदानों में कटा—फटा जिस स्थिति में हो वैसे ही उठाना होगा। जिस पार्टी की दरें अनुमोदित होंगी, उसे उक्त वर्णित सभी प्रकार का बड़ा बारदाना उठाना होगा। अलग से छटाई नहीं करने दी जावेगी।

2 प्लास्टिक बारदाना (स्क्रेप) कटा—फटा जिस स्थिति में हो वैसे ही उठाना होगा। जिस पार्टी की दरें अनुमोदित होंगी, उसे उक्त वर्णित सभी प्रकार का प्लास्टिक बारदाना (स्क्रेप) उठाना होगा। अलग से छटाई नहीं करने दी जावेगी।

आपके पत्र क्रमांक/विज्ञापन ———————————दिनांक ——————————/ के अनुसार मुझे महाप्रबंधक, पशु आहार संयंत्र सिरौंजा, जिला सागर द्वारा निर्धारित पुराने बारदानों एवं प्लास्टिक बारदाना (स्क्रेप) के विक्रय संबंधित सभी शर्ते मान्य हैं।

दिनांक ——————————        निविदाकर्ता के हस्ताक्षर